# देवास पुलिस की पुलिस चौपाल को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड

**1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित**





**देवास।** देवास पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पर आधारित नवाचार पहल पुलिस चौपाल को वर्ष 2025 के लिए सीएम एक्सीलेंस (इनोवेशन) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सिविल सेवा समारोह में प्रदान किया गया, जिससे जिले के लिए यह गौरव का विषय बना है।

इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत एवं प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर को संयुक्त रूप से 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।पुलिस चौपाल अभियान के तहत देवास जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। 1 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2026 तक कुल 2807 चौपालों का आयोजन कर लगभग 94 हजार से अधिक नागरिकों को सीधे जागरूक किया गया।

ऑपरेशन त्रिनेत्रम के माध्यम से करीब 10 हजार सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर कई ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों को सुरक्षा कवरेज में लाया गया। सायबर अपराध नियंत्रण में भी इस पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। चौपालों के माध्यम से चलाए गए जागरूकता अभियान से कई डिजिटल ठगी के मामलों को रोका गया तथा करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वापस कराई गई। साथ ही 1100 से अधिक व्हाट्सएप समूह बनाकर हजारों युवाओं को जोड़ा गया, जिससे अपराधों के त्वरित खुलासे में मदद मिली।

इस पहल के प्रभाव से जिले में गंभीर अपराधों में कमी आई है और पुलिस व जनता के बीच विश्वास, समन्वय एवं सहभागिता और अधिक मजबूत हुई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की भव्य शोभा यात्रा आज

**बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल होंगे**



**बागली।** भगवान परशुराम जयंती अवसर पर उनके अनुयायियों द्वारा भाभी शोभा यात्रा निकाली जाएगी यहां शोभायात्रा 13 वर्ष पूर्व शुरू हुई धार्मिक परंपरा बागली के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर से आरंभ होकर बागली नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए।

वाग्योग चेतना पीठ आश्रम पर धार्मिक उत्सव में परिवर्तित होकर आश्रम पर ही सामूहिक भोजन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा यही परंपरा कुछ अवरोध को छोड़कर लगातार जारी है। बुधवार 22 अप्रैल को यह धार्मिक शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर बागली से आरंभ होकर गंतव्य स्थान पर पहुंचेगी समिति से जुड़े आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में शामिल पुरुष सफेद कुर्ता पजामा एवं महिलाएं लाल साड़ी पहन कर निकलेंगे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राकेश नागौरी ने बताया कि शोभायात्रा उत्साह के साथ आरंभ होगी अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर समाज के सभी बंधुओ को घर-घर जाकर शोभा यात्रा की जानकारी दे दी गई ब्राह्मण समाज से जुड़े वरिष्ठ ओम प्रकाश शर्मा गोपाल शर्मा बंटी शर्मा गोपाल पंचोली दशरथ शर्मा सुनील दत्त जोशी वासुदेव जोशी बालमुकुंद नागर आदि ने बताया कि भगवान परशुराम शोभा यात्रा को लेकर समाजजनों में उत्साह है।

## एक नजर में

### सिख समाज के वरिष्ठ अरोरा का निधन




**कांटाफोड़।** सिख समाज के वरिष्ठ एवं भाजपा के पूर्व पार्षद अनिल अरोरा (नीलू बाबा) का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर स्थानीय मुक्तिधाम में नगर के वरिष्ठ जनों नेताओं एवं सिख समाज सहित सेकड़ो लोगो ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ठेका आउटसोर्स कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन




**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आव्हान पर मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष कुलदीपसिंह राजपूत ने बताया कि विद्युत मंडल सिटी डिविजन से रेली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, ओमप्रकाश रघुवंशी, जिला मंत्री अमित पांडे, ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के बाह्यस्त्रोत/आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु सरकार स्तर पर ठोस नीति (आऊटसोर्स सर्विस सेक्यूरिटी एक्ट/आऊटसोर्स निगम मंडल) बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाये। आऊटसोर्स/ठेका कर्मचारियों से संबंधित श्रम कानूनों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जावें। कानूनों का पालन ना होने पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाये। 08 घन्टे से अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त समय का नियमानुसार भुगतान किया जावें। आऊटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभाग/संस्था से वेतन भुगतान की जा कर बिचौलिया प्रथा बन्द किया। कानूनों के अनुसार आऊटसोर्स कर्मचारियों का मासिक वेतन प्रत्येक माह की 07 तारीख तक भुगतान जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही वेतन पर्ची प्रदान की जावे। अनुभव के आधार पर वेतन में बढौत्री की जावे एवं अनुभव के आधार संविदा /नियमित भर्ती में नीति बनाकर अवसर प्रदान किये जावें। (जैसे बोनस अंक इत्यादि)। बिना किसी ठोस कारण एवं जॉच के आऊटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाय। शिकायत/आरोप की उच्च स्तरीय जाँच के बिना आऊटसोस कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त नहीं की जाये। सभी आऊटसोर्स कर्मचारियों को नियमानुसार ई. एस. आई. ई.पी.एफ. और ई.एस.आई.सी. लाभ सुनिश्चित किया जाये। नियमित रूप के कार्यों के विरूद्ध कार्यरत आऊटसोर्स कर्मचारियों को 62 वर्ष की आयु तक सेवा में रहने के प्रावधान किये जाये। समान कार्य के लिए समान वेतन सिद्धांत को लागू किया जाये। आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्ति आदेश के विरूद्ध अपील हेतु विभाग स्तर पर कमेटी का गठन किया जायें, जिसमें कर्मचारी को सुनवाई के पर्याप्त अवसर किये जाये। आऊटसोर्स कर्मचारियों का सेवाकाल आधार पर श्रेणी उन्नयन (अकुशल से अर्धकुशल अर्धकुशल से कुशल एवं कुशल से उच्चकुशल) किया जायें। आऊटसोर्स कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा रूपये 20 लाख किया जावे। आऊटसोर्स कर्मचारियों को विभाग रिक्त पदो के विरूद्ध समायोजित/सविलियन करने हेतु ठोस नीति बनाई जाये। कौशल विकास की दृष्टि से प्रतिवर्ष कार्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण (तकनीकी/गैर तकनीकी) प्रदान किया जावें एवं प्रमाणिकरण भी किया जावें। आऊटसोर्स कर्मचारियों को सप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जायें। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह चौहान, शिव पाटीदार, चेतन सेंधव, रामलखन अजमेरी, राकेश परमार, सचिन पटेल, अंकित चौधरी, राजेश पंवार, देवेंद्र, धर्मेंद्र यादव, विजेंद्र जसोना, पंकज बालोदिया, धीरज प्रजापत, तेजकरण , बलराम सोलंकी,गोपाल राठौर, जीतेन्द्र कुशवाह, देव प्रकाश, अजय सिंह अरुण यादव, धरम सिंह, अर्जुन बामनिया,नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने किया तथा आभार कुलदीपसिंह राजपूत ने माना।

### अकबर खान जिला सचिव नियुक्त



**देवास।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मौका कौरव, पुर्व महापौर जयसिंह ठाकुर व राजवीर बघेल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष मलखान सिंह देवड़ा ने जामगोद निवासी अकबर खान मंसुरी को जिला सचिव नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर शौकत हुसैन, लुकमान अली, योगेश सिसोदिया,किशोर सोलंकी, शाहिद खान,छोटेलाल परमार,हाजी कमरूद्दीन खां,नोशाद खां मुनिम,वहिद खां,आरीफ खां,सलीम डाक्टर,बब्बु शाह ,कमरूद्दीन शाह,आमीन खां,कमल सोलंकी,विकास चौहान, मुकेश चौहान, सचिन चौहान, धर्मेंद्र ऐरवाल,विजय एरवाल हर्ष व्यक्त किया।

# पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास द्वारा संघ के संरक्षक मार्गदर्शक एम एल मालवीय देवड़ा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर के प्रतिनिधि दिनेश वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की छठी अनुसूची की धारा 49(6)को विलोपित किया जाए। महंगाई राहत (डीआर) का भुगतान केन्द्रीय कर्मचारियों को देयतिथि से ही प्रदेश के कर्मचारियों को भी दिया जाए तथा शेष 2 प्रतिशत डी आर तत्काल प्रभाव से स्वीकृत किया जाए। पूर्व से लंबित मंहगाई राहत के एरियर का भुगतान किया जाए। कैश-लेश चिकित्सा सुविधा लागू हो। चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ पात्र सभी रिटायर कर्मचारीयों को भी दिया जाए वर्ष 2023 की बाध्यता समाप्त की जाए। जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के शिक्षकों को अर्जित अवकाश के लाभ से अधिकांश को वंचित रखा गया है। अत: अर्जित अवकाश दिलाने का कष्ट करें एवं शासन आदेशानुसार तीन सो दिवस का प्रदान किया जाय। जिला स्तर पर ही शिक्षा विभाग के शिक्षकों को 30 जून एवं 31दिसम्बर के एक इन्क्रीमेंट से वंचित रखा गया है अधिकांश को वह भी पात्र शिक्षकों शीघ्र दिया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पं. देवीशंकर तिवारी, जिला सचिव अरविंद शर्मा, देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर, ओपी. सोलंकी, एलएन मोहरी,अरूण कुमार शैव्य, छोटेलाल माली सहित जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# विरोलिया अजाक्स के प्रांतीय महासचिव बने

**देवास।** मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ भोपाल के प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस द्वारा महेश विरोलिया को प्रान्तीय महासचिव मनोनीत किया है। उज्जैन सम्भाग के प्रभारी बनाया। उनेह इस नियुक्ति से अजाक्स कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष देवास हेमराज गोखले, देवकरण सोलंकी, जगदीश मालवीय, रामनारायण गोयल, मोहन भास्कर, महेंद्र सिंह परमार, हीरालाल चक्रवर्ती, विक्रम सिंह परमार, पीरूलाल मालवीय, महेश झरोखा, दिनेश जिनवाल, दिलीप सिंह बारिया, मांगीलाल सोलंकी, शिव चरण अंगोरिया, सज्जन सिंह मालवीय, राकेश सोलंकी, सीमा चौहान, राजेश चौहान, डॉ रश्मि पांडेकर आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स-2 में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन




**देवास।** संस्थान द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स-2-2026 में भी शानदार सफलता प्राप्त कर संस्था और शहर का नाम रोशन किया। द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने बताया कि संस्था से इस वर्ष जेईई एडवांस के लिए 13 विद्यार्थी क्वालिफाई हुए है।

सौभाग्य श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 98.35 परसेन्टाईल अंक अर्जित किये। संस्था के 7 विद्यार्थियों ने 90 परसेन्टाईल से अधिक अंक प्राप्त किया। संस्था निर्देशक नवीन शर्मा जिन्हें 25 वर्ष से अधिक का शिक्षण अनुभव है उन्होंने बताया कि नियमित टेस्ट सीरीज, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, व्यक्तिगत डाउट साल्विंग तथा अनुशासित अध्ययन पद्धति के कारण यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परिणाम देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत की आदत विकसित करना भी है। द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट ने नीट, जेईई के साथ साथ 12 वीं एम.पी.बोर्ड और 10 वीं एम.पी. बोर्ड और 10 वीं सीबीएसई में भी उत्कृष्ट रिजल्ट दिए हैं और आगे भी देते रहेंगे। संस्था भविष्य में भी बेहतर परिणाम देने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# ब्रेजा कार से 165 लीटर अवैध शराब जब्त



**देवास।** इन्दौर-बैतूल हाईवे मंसूर के ढाबे के पास मुखबीर सूचना पर ग्राम इकलेरा तरफ से आ रही एक सफेद कलर की ब्रेजा कार आती दिखी। पुलिस टीम ने कार एमपी 09 डीए 3969 को घेराबंदी कर पकड़ा।

पुलिस ने कार सवार आरोपी राजीव पिता दिनेश कुमार यादव उम्र 27 साल निवासी करोद चौराहा थाना निशातपुरा जिला भोपाल को गिरफ्तार कर ब्रेजा कार से कुल 330 माउंट बीयर की केन कुल मात्रा 165 लीटर शराब कुल कीमती करीबन 37,950 की शराब जब्त की। इस प्रकार कुल शराब 165 लीटर किमती 37,950/- की तथा ब्रेजा कार की किमती 8 लाख कुल 8,37,950/- की जब्त किया तथा थाना हाटपीपल्या पर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया।

# बीएनपी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन



**देवास।** केऔसुब इकाई अग्निशमन शाखा बीएनपी देवास द्वारा दिनांक 14. 04.2026 से दिनांक 20.04.2026 तके अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर 20 अप्रैल को केऔसुब इकाई परेड ग्राउण्ड में पुरस्कार वितरण के साथ-साथ केऔसुब अग्निशमन शाखा के बल सदस्यों द्वारा हैरतंगेज फायर डेमेंसट्रेशन किया गया।

मुख्य अतिथि एस एस राठौर, अपर महाप्रबंधक, बीएनपी देवास, के जी सोमवंशी सहायक कमाण्डेंट/अग्नि, केऔसुब इकाई बीएनपी देवास, बीएनपी सयंत्र के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण, केऔसुब के अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान संयंत्र तथा संयंत्र के बाहर अल्पावधि में भी विभिन्न तरीकों से विभिन्न स्थानों पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन कर अग्निशमन व बचाव के प्रति जागरूकता हेतु पूर्वनियोजित तथा तयशुदा कार्यक्रमों केऔसुब अग्निशमन शाखा द्वारा संचालित किया। मुख्यत: मुख्य संयत्र केंटीन बीएनपी, केऔसुब इकाई लाईन मनोरंजन कक्ष, बीएनपी चिकित्सालय, केन्द्रीय विद्यालय, सी पी डबल्यु डी ऑफिस, महात्मा गांधी चिकित्सालय देवास, सेंट थोम स्कुल देवास तथा नर्मदा फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प देवास इत्यादि स्थानों पर प्राथमिक अग्निशमन विषय पर कक्षाएं आयोजित की गई। महिलाओं व बच्चों में जागरूकता हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा चित्रकारी व लेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं संयंत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों में जागरूकता हेतु बेसिक फायर फाईटिंग ट्रेनिंग, होज एवं अग्निशमन उपकरणों को उपयोग करने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चिकित्सालय एवं स्कुलों में जागरूकता हेतु बेसिक फायर फाईटिंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस पर निरी/अग्नि के नेतृत्व में केऔसुसब अग्निशमन शाखा के बल सदस्यों द्वारा शानदार फायर डेमों का प्रदर्शन किया गया।

# सेंचुरी एकेडमी में दो दिवसीय स्नूकर टूर्नामेंट का आयोजन




**देवास।** सेंचुरी स्नुकर एकेडमी मोतीबंगला में एच एम बिलियर्ड्स भोपाल द्वारा ओपन सिक्स रेड स्नूकर टूर्नामेंट का दो दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें देवास सहित इंदौर, भोपाल, सीहोर, खंडवा, रतलाम, हरदा के खिलाड़ी शामिल हुए। टूर्नामेंट में स्टेट लेवल जूनियर खिलाड़ी अंडर आयु 18 वर्ष से कम उम्र खिलाड़ी हार्दिक गायकवाड (इंदौर,) ओवैस खान (इंदौर) आगम गंगवाल (इंदौर) जो कि राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट में भाग लेते हैं भी शामिल हुवे एवं ग्रुप मैच में अपना उम्दा प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट में अपने उम्दा खेल शॉट से अंश आहूजा इंदौर प्रथम विजेता बने, द्वितीय विजेता टैबू भोपाल रहे, सेमी फाइनलिस्ट ऋषभ और अनमोल चौहान रहे। इस अवसर पर टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि पार्षद मुस्तफा अंसार अहमद एमआईसी सदस्य अध्यक्ष नगर निगम यातायात एवं परिवहन विभाग का स्वागत एकेडमी संचालक बिलाल शेख द्वारा किया जाकर मुख्य अतिथि से उपस्थित खिलाड़ियों का परिचय करवाया गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि द्वारा जूनियर खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात प्रथम विजेता को 21000 राशि, द्वितीय विजेता को 11000 राशि, ट्रॉफी, मेडल पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर विकास कन्नोजिया, फिरोज शेख, अमन शेख, शैलेन्द्र पाराशर, वीरेन शर्मा, अभय प्रजापति (पिज्जा हब), आदि उपस्थित रहे।

# कन्या हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण

**पीपलरावां।** सहायक संचालक सीएल पेठारी ने नगर के कन्या हाई स्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूल का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान बीईओ ने हासे स्कूल की कक्षा 12 वी में एक पीरियड लेकर बच्चों से अध्यापन करवाते हुए चर्चा की। सहायक संचालक ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, बोर्ड कक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर के परीक्षा आवेदन समय सीमा में भरवाने के निर्देश दिए साथ ही बोर्ड कक्षाओं में खराब रिजल्ट के लिए विषय शिक्षकों से वन टू वन चर्चा कर आगामी सत्र में बेहतर रिजल्ट के लिए योजना बनाने की बात कही।

कन्या हाई स्कूल प्राचार्य शिवेशचंद्र धाकड़, हासे प्राचार्य एमएल अंगोरिया, प्रेमनारायण शुक्ल, रुक्मणि गार्वे आदि मौजूद थे।

# अच्छे चित्र-अच्छे मित्र से सशक्त चरित्र का संदेश : श्रीराम जाने

**भौरासा।** ग्राम काकड़दा में संस्था प्रह्लाद श्री एवं समस्त धर्मप्रेमी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित रुद्र यज्ञ, श्री खाटूश्याम शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रहा है। कथा वाचक श्री राम जाने जी महाराज (ताजपुर) श्रद्धालुओं को श्री राम कथा का रसपान करा रहे हैं।

यज्ञ आचार्य पंडित विजय जी द्विवेदी (ग्राम अरलावदा) द्वारा विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न कराया जा रहा है। आयोजन में श्री श्री 1008 चंद्रदत्त पुरी जी महाराज का सान्निध्य भी प्राप्त हो रहा है। कथा के दौरान महाराज श्री ने कहा कि व्यक्ति को घर में अच्छे चित्र और बाहर अच्छे मित्र रखने चाहिए, क्योंकि संगति ही चरित्र निर्माण का आधार होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे फैशन, व्यसन और फिजूल खर्चो से दूर रहें तथा माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करें। 19 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवं स्व. पं. प्रह्लादसिंह जी नागर स्मृति द्वार का लोकार्पण किया गया। प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक राम कथा का आयोजन हो रहा है। 23 अप्रैल को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, महाआरती एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

**शोभायात्रा का नगर में कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागत**

# परशुरामजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा



**सोनकच्छ।** सृष्टि के पालनहार परमपिता परमेश्वर भगवान श्री विष्णु जी के छटे अवतार, शास्त्र व शस्त्र के ज्ञाता, शौर्य के प्रतीक ब्राह्मणों के आराध्य चिरंजीव भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा इस वर्ष भी पूरे भक्तिभाव से मनाया गया। इस पावन अवसर पर समाज द्वारा सोमवार शाम साढ़े 5 बजे से नगर व तहसील के समाजजनों द्वारा बैंड-बाजो के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में एक सुसज्जित बग्घी पर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा विराजित थी। बैंड की धुन ने नगर को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा का नगर में कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्गों से होते हुए आनंद आश्रम पहुँची जहाँ भगवान परशुरामजी की महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। समाजबन्धुओं के सहभोज के पश्चात समापन हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से टीआई अजय गुर्जर, पीपलरावा टीएआई सुबोध गौतम बल के साथ पूरे समय मौजूद थे। इसके पूर्व सोमवार सुबह 8 बजे से कालीसिन्ध मार्ग पर स्थित सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्राचीन श्री भरतदास मन्दिर पर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का पंडित नरेंद्र पांडे ने समाजजनों से वैदिक मंत्रों के साथ दूध, दही, शहद, और शक्कर, घी, पंचामृत, सुगंधित द्रव्य, से स्नान कराकर पञ्चोपचार पूजन व अभिषेक कराया। जिसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण सेवक मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के समाजजन उपस्थित थे। शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक राजेश सोनकर भी शामिल हुए।